## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हुई निगमायुक्त की सराहना

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन 181 में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कटनी नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे को पत्र प्रेषित कर कार्य कि सराहना की है। प्रेषित किए गए पत्र में आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा उल्लेख किया है कि सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में निगमायुक्त द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निराकरण कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम कटनी, जिला कटनी द्वारा नगर निगमों की श्रेणी अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह अप्रैल 2025 में 93.96 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ₹A-ग्रेड₹ के साथ प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन द्वारा विभाग की ओर से निगम आयुक्त दुबे एवं नगर निगम कटनी में सी.एम. हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए प्रशंसा की है, एवं भविष्य में भी इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर अपने निकाय को उत्कृष्ट स्थान पर रखने की आशा की है।

### किश्त जमा नहीं करने पर आवंटित भवन किया गया निरस्त

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी घटक द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी के हितग्राही श्रीमती रेनू निषाद को आंबटित भवन कमांक बी-16/202 निरस्त किया जाकर उक्त आवंटित भवन को ताला बंदी की कार्यवाही करते हुये निगम के अधीन किए जाने के संबंध में आदेश जारी किया है। विदित हो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी घटक द्वितीय चरण की हितग्राही श्रीमती रेनू निषाद द्वारा योजनांतर्गत हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने हेतु आवास फायनेंस लिमिटेड वरगंवा रोड, कटनी के माध्यम से योजना के त्रि-पंक्षीय अनुबंध के आधार पर राशि रू. 1.80 लाख का बैंक लोन प्रदान किया गया था। तत्पश्चात भवन कमांक बी-16/202 आंवटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त बैंक लोन की किश्त जमा नहीं की गई जा रही हैं। जिसके संबंध में हितग्राही को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से सूचित किया गया था साथ ही दैनिक समाचार पत्रो के माध्यम से भी सूचित किया गया हैं,किन्तु हितग्राही के द्वारा इस संबंध में कोई भी जबाब प्रस्तुत नही किया गया है. अतः योजना के त्रि-पंक्षीय अनुबंध के आधार पर आयुक्त दुबे ने हितग्राही के आंबटित भवन निरस्त कर संबंध में आदेश जारी किया है।

### 3 नाबालिगों को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** बाकल पुलिस ने तीन नाबालिक बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उन्हें उनके परिवार जनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने जानकारी देते हुए कहा की थाना क्षेत्र से गत 16 जनवरी 2025 को ग्राम सिहुडी से 3 नाबालिग बालिकाओ को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाकल पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्परता से जांच शुरू की और विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। तकनीकी और मानवीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना बाकल पुलिस टीम ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान के भिन्न भिन्न संभावित जगहों पर तलाश की। अंततः थाना बाकल पुलिस को जिला झुनझुनु राजस्थान राज्य में सफलता मिली। जहां से तीनो नाबालिग बालिकओ को सकुशल दस्तायब किया गया। तीनो नाबालिग बालिओ को उनके परिवार से मिला दिया गया है और वे स्वस्थ हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल, सउनि विजेन्द्र तिवारी, प्रआर. अवधेश मिश्रा, शिवसिंह, आर., राजभान पटेल, इन्द्रभान मर्सकोले, प्रआर. प्रशान्त विश्वकर्मा, सत्येंद्र राजपूत रक्षा साहू की विशेष भूमिका रही।

## सतत निरीक्षण एवं कार्यवाही नहीं होने से बेरोकटोक चल रहा कारोबार

# खाद्य पदार्थों में मिलावट का चल रहा खेल शुद्धता की नहीं गारंटी, मसाले हो या तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल चल रहा है। इस बात का खुलासा प्रशासन स्तर पर व्यवसायियों पर की गई जुर्माना कार्यवाही से भी उजागर हो चुका है। मसालों से लेकर तेल, दूध, मिष्ठान सामग्री में मिलावट कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। नियमित कार्यवाही नहीं होने से मिलावट का कारोबार पूरी तरह से बंद नहीं हो पा रहा है। तीज त्यौहारों के समय खाद्य विभाग की टीम जांच कर सेम्पल लेने की कार्यवाही करती है इसके बाद जांच अभियान ठंडा पड़ जाता है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने में भी महीनों का समय लग जाता है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं करने के कारण मिलावट का बढ़ रहा है। थोड़े से लालच में कारोबारी बेखौफ तरीके से खाद्य सामग्रियों में मिलावट करके जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हैं। रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले खाने के तेल से लेकर मसाले, दूध, नकली घी, दाल, बेसन, चायपत्ती सहित अनेकों खाद्य सामग्रियों की कोई शुद्ध होने की प्रमाणिकता नहीं है। खाद्य विभाग व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कभी कभार ही कार्रवाई करते। सतत निरीक्षण के अभाव में मिलावटखोरों में इनका डर है। इसके कारण आम जनता को मिलावटी खाद्य सामग्री का उपयोग करना पड़ रहा है। इन नकली और मिलावटी सामग्री से बनने वाले सामान भी खुले आम बेचे जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होते हैं।

डिब्बाबंद प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, बोतलबंद कोल्ड ड्रिक और ब्रांडेड-नान ब्रांडेड फास्ट फूड लोकप्रिय होने के साथ-साथ हमेशा विवादों में रहा है। कोल्ड ड्रिक में पेस्टीसाइड्स पर विवाद रहा। नूडल्स बनाने-बेचने वाली कंपनी के उत्पाद में जरूरत से ज्यादा शीशा और मोनोसोडियम ग्लूटामेट पाए जाने का मामला सामने आया था। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास तैयार खाद्य आइटमों से उठ-सा गया। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने वाली व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा भी हर किसी को होने लगा। खुले में बिक्री के लिए उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मापने के लिए पर्याप्त कानून तो है लेकिन इसे गंभीरता से पालन नहीं किया जाता।

शहर में अनेक स्थानों पर खाद्य मसाले खुले आम बिक रहे हैं। मिर्ची, हरा धना, हल्दी सहित अन्य मसालों में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है। वहीं मिलावटी दूध, नकली घी, तेल, बटरा मिक्स बेसन का कारोबार कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की जाती है जिससे मुनाफा अधिक होता है। व्यापारी सस्ते पदार्थों को मिलाकर उत्पाद की लागत घटा देते हैं और उसे ऊंचे दामों पर बेचते उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी और मिलावट के प्रभावों के बारे में जानकारी का अभाव भी महत्वपूर्ण कारण है।



# कैमोर पुलिस ने दो युवकों से 2 किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय पनिहाई तिराहा डमफर रोड के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अशोक पटेल पिता मोहनलाल पटेल 43 साल निवासी लालनगर थाना कैमोर का होना बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 01 किलो 612 ग्राम गांजा रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर किया गया। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में कैमोर पुलिस ने भ्रमण के दौरान डमफर रोड आरटीशियन स्टोरी पीलर क्र. 06 के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। वह पुलिस को देखकर झोला छिपाने का प्रयास करने लगा। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेश बर्मन पिता कालका प्रसाद बर्मन 50 वर्ष निवासी लालनगर थाना कैमोर का होना बताया। तलाशी में उसके पास से सफेद रंग के झोला में अवैध मादक पदार्थ गांजा 445 ग्राम रखा हुआ पाया गया। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्त कर धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, उपनि सिद्दार्थ राय, सउनि अखिलेश कुमार मिश्रा, प्रआर कन्हैया सिंह, प्रआर प्रेमशंकर पटेल, प्रआर चंद्रभान विश्वकर्मा, आर. सुशील पटेल, आर. अजीत तिवारी, आर. कृष्णप्रकाश गुप्ता, लालू यादव, आर. विनोद ने भूमिका निभाई।

*रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा नंबर 1 में हुई थी वारदात*

# सिर में कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रीठी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा नंबर 1 में कुल्हाड़ी मारकर हत्या कारित करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा नंबर 1 में 5-6 मई की दरमियानी रात्रि लगभग 2 बजे तुलसीराम उर्फ बल्लू यादव पिता अनिल यादव ने एक दुकान में आग लगाने के लिए भूमिया मोहल्ला निवासी शिवराम भूमिया से कहा। लेकिन उसने ऐसा करने से मना कर दिया जिस पर तुलसीराम यादव ने शिवराम भोमिया को गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी, तथा सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। उक्त घटना में पीड़ित शिवराम भूमिया को चोट लगने से उपचार हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया जिसे शासकीय अस्पताल द्वारा अग्रिम उपचार हेतु पीड़ित को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान पीड़ित की सर पर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। घटना के बाद से ही फरार तुलसीराम यादव उर्फ बल्लू यादव पिता अनिल यादव निवासी ग्राम सिमरा नंबर 1 थाना रीठी को पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष कुमार डहरिया के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी थाना रीठी निरीक्षक राखी पांडे एवं उनकी टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, उप निरीक्षक आरपी रावत, प्रधान आरक्षक भोला गुप्ता, प्रधान आरक्षक राम पाठक, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, आरक्षक अमन सिंह, आरक्षक जफर, आरक्षक शमशेर, आरक्षक विजय की अहम भूमिका रही।

## ओआईसी स्टेट ने किया डाइट कटनी का भ्रमण



प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की प्रभावशीलता जानने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से ओआईसी जिला कटनी विनोद द्विवेदी ने डाइट कटनी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संस्थान के पुस्तकालयों और विशेष आवश्यकता के बच्चों के लिये निर्मित रिसोर्स सेंटर का अवलोकन किया। साथ ही डाइट फेकल्टी की समीक्षा बैठक भी की जिसमें उन्होंने जिले में हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिये। अंग्रेजी फेकल्टी उमाशंकर सैनी ने बताया कि वह जिला स्रोत समूह के सदस्यों के सुझाव एवं मॉनिटरिंग इनपुटस के साथ नए सत्र में भाषा शिक्षण को बेहतर करने हेतु कार्य कर रहे है। सहायक प्राध्यापक कल्पना खरे, वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, व्याख्याता राकेश सिननरकर एवं ज्योति श्रीवास्तव ने पुस्तकालय संचालन, रिसोर्स सेंटर, डीएलएड कक्षा संचालन एवं लीडरशिप प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। ओआईसी विनोद द्विवेदी ने सीखने सिखाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु डाइट फेकल्टी को निरंतर शोध करते हुए नवाचारी विधियों को लागू करने के निर्देश दिये।

# वूमन फॉर ट्री अभियान : समूहों की महिलाओं एवं अधिकारियों ने किया सुरम्य पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भारत सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन करने सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वूमन फॉर ट्री अभियान का संचालन 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक किया जाना है। अभियान के प्रथम चरण में 23 मई तक वृक्षारोपण हेतु उचित स्थलों का निरीक्षण किया जाकर पोर्टल में प्रविष्टि कराई जानी है।

नगर पालिक निगम द्वारा अमृत 2.0 अभियान के तहत अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री अभियान अंतर्गत स्व सहायता समूहों की महिलाओं, पीडीएमसी की टीम द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया जाकर पोर्टल में प्रविष्टि की गई। अभियान अंतर्गत नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एनयूएलएम के संचालित विभिन्न स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं एवं पी.डी.एम.सी की टीम द्वारा विगत दिवस एन यू एल एम योजना प्रभारी यश खरे के साथ सुरक्षित स्थल पर वृक्षारोपण किए जाने हेतु वृक्षारोपण के संबंध में आगे की भूमिका तैयार की गई।

इस दौरान योजना प्रभारी यश खरे द्वारा स्व. सहायता समूहों की महिलाओं को वूमेन फॉर ट्री अभियान की विस्तार से जानकारी दी जाकर अभियान अंतर्गत चयनित महिलाओं को नगर के अन्य सुरक्षित स्थलों पर भी वृक्षारोपण किए जाने हेतु प्रेरित किया गया।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 30 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक शुक्रवार 30 मई को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2024-25, रबी उपार्जन 2025-26, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रासायनिक उर्वरक तथा बीज के भंडारण एवं वितरण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जायेगी। सहकारिता उद्योग समिति के सचिव ने कविता पंकज राय सभापति ग्राम मौजा सिलौड़ी, मोहनी देवी पांडेय सदस्य ग्राम पहाड़ी पो. निवार, प्रेमलाल केवट सदस्य ग्राम खजुरा पो. गुड़ेहा, प्रिया सिंह सदस्य ग्राम भनपुराकलां भटगवॉं, प्रदीप त्रिपाठी सदस्य ग्राम स्लीमनाबाद ब्रम्हाणपुरा, पंकज राय मनोनीत सदस्य ग्राम मौजा सिलौड़ी को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# अतिथि शिक्षकों की जानकारी अद्यतन, समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए गये थे। इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी जारी की है।

आवेदकों के पंजीयन में दर्ज जानकारी का सत्यापन संकुल प्राचार्य द्वारा 24 मई को किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत आवेदन में दर्ज मोबाईल नम्बर बंद हो जाने की स्थिति में मोबाईल नम्बर परिवर्तित करने का कार्य बीईओ और डीईओ के माध्यम से 23 मई को ही किया जाएगा। जिन आवेदकों ने मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं उसके उपरांत उत्तीर्ण की है। तथा दिव्यांग केटैगिरी का चयन (विकल्प) को दर्ज किया है, उनके पास जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थायी प्रमाण-पत्र जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो होना अनिवार्य है। आवेदक म.प्र. के किसी भी जिले के संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे।

आवेदकों को सत्र 2025-26 के लिये नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के लिये दस्तावेज अपलोड एवं आवश्यक संशोधन के लिये अंतिम अवसर दिया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गये है कि उनके जिले के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्य आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही नियत समय पर करें। संकुल प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत होने वाले समस्त आवेदकों का संकुल प्राचार्य द्वारा नवीन एजुकेशन पोर्टल पर 3.0 के अंतर्गत अतिथि शिक्षक जीएफएमएस पोर्टल पर आवेदकों की मूल दस्तावेजों के परीक्षण के बाद तत्काल सत्यापन की कार्यवाही की जाएं।

## बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

# छात्र छात्राओं को ड्रेगन फ्रूट की खेती का भ्रमण करा दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विकास खण्ड बहोरीबंद में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं तथा प्रस्फुटन समितियों ने ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्राम छितरवारा स्थित रुपा सिंह के भोपाल फार्म हाउस में ड्रैगन फ्रूट की खेती का क्षेत्रीय भ्रमण किया।

### दी व्यवहारिक जानकारी

यह भ्रमण जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नवीन कृषि पद्धतियों, व्यावहारिक जानकारी एवं अनुभव से परिचित कराना था।

इस अवसर पर डॉ. तेज सिंह केशवाल ने कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण छात्रों को जमीनी हकीकत समझाने का सर्वोत्तम माध्यम है, जिससे उन्हें नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा मिलती है।ष

ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह एवं परामर्शदाता विनोद सिंह द्वारा ड्रैगन फ्रूट की खेती की विधि, लाभ एवं बाजार संभावनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जुलाई माह से फल आना प्रारंभ होता है और यह फल डायबिटीज नियंत्रण इम्यूनिटी बढ़ाने पाचन में सुधार तथा ह्रदय स्वास्थ्यके लिए अत्यंत लाभकारी है। साथ ही इसकी खेती एक लाभदायक व्यवसाय के रूप में उभर रही है, जिससे लाखों रुपये की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। भ्रमण उपरांत प्रतिभागियों के लिए वनभोज का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदाता विनोद सिंह नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी सरजू श्रीवास समाजसेवी कोदू लाल हल्दकार मंगल कोल लवकुश पटेल का विशेष सहयोग रहा।

इस क्षेत्रीय भ्रमण में अमोच सरपंच नरेश दाहयत, मृत्युंजय सिंह, बसंत जायसवाल, दिनेश झारिया, अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य नरेश दहायत, आशीष कुमार प्यासी, लवकुश पटेल, संजू जायसवाल, नरेश कुमार एवं छात्रों में राकेश दहायत, दुर्गेश यादव, प्रीति यादव, श्रद्धा, नंदिता, खुशी पाठक, बबीता, महक, पुजा लोधी, वृषा, शिखा, रेशू सेन, प्रियंका, राहुल दाहयत, अंकुश जायसवाल सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए 27 मई को शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृतिम अंग प्रदान करनें के उद्धेश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार 27 मई को दोपहर 10 बजे से शाम 4 बजे तक सिविल लाईन कटनी स्थित डी.डी.आर.सी परिसर में किया जाना प्रस्तावित है। नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय द्वारा उपरोक्त जानकारी दी जाकर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों से शिविर से लाभ उठानें की अपील की है।

भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों के लिए माटराईज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त करनें हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी 80 प्रतिशत का डिजिटल दिव्यांगता का प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण पत्र के तहत सभी स्त्रोतों से मासिक आय 22500 रूपये प्रतिमाह से कम होना आवश्यक है। इस हेतु राजस्व विभाग, माननीय सांसद, विधायक या वार्ड पार्षद द्वारा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

### सहायक उपकरण प्राप्त करनें हेतु आवश्यक दस्तावेज

एडिप योजनांतर्गत सहायक उपकरण प्राप्त करनें के लिए दिव्यांगजनों को पहचान पत्र, आधार कार्ड, ई-के.वाय.सी युक्त समग्र आई.डी, डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण अथवा यू.डी.आई.डी कार्ड सहित पासपोर्ट साईज की दो फोटो और सक्रिय मोबाईल नंबर होना आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**

### आधी रात को तूफान ने मचाई तबाही भारी भरकम पेड़ हुए धराशाई

**हरिभूमि, पन्ना।** जिले में विगत 21-22 मई 2025 की दरमियानी रात लगभग 2 बजे अचानक आए तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। पन्ना नगर से लेकर दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक सैकड़ों भारी भरकम पेड़ या तो जड़ों सहित उखड़ गए हैं या फिर टूट गए हैं। कई घरों को भी नुकसान बताया गया है। कई जगह बिजली के खंबे और तार टूटने से दिनभर बिजली सप्लाई बाधित रही, इसी प्रकार पुराना पन्ना की आदिवासी बस्ती में भारी भरकम बरगद का पेड़ गिरने से विंध्यवासिनी माता का मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा आसपास के दो कच्चे घरों में भी नुकसान हुआ है। बताया गया हल्की बाई आदिवासी उम्र लगभग 40 वर्ष के घर में बरगद का पेड़ गिरने से उनका छप्पर टूट गया है, जिस वक्त यह घटना हुई हल्की बाई घर में सो रही थी, चीपों के टुकड़े उनके ऊपर गिरने से वह घायल हो गई हैं। इसी प्रकार गुलाब बाई के मकान में पेड़ की डाल गिरने से उनका घर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। गुलाब बाई के घर में जब घटना हुई तब वह घर पर नहीं थी। घटना की सूचना सुबह वार्ड पार्षद को दी गई जिनके द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों को फोन किया गया लेकिन अभी तक कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। दोनों परिवार मजदूर वर्ग के बताए गए हैं

चीतों को बसाने के बीच फेसिंग व गांवों के विस्थापन का काम भी अधूरा

# दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीते आएंगे लेकिन एक साल लगेगा क्योंकि अभी तक सर्वे बाकी

### आबाद होगा जंगलः बाघ तेंदुए और चीतों वाला देश का पहला वाइल्ड लाइफ टाइगर रिजर्व



**हरिभूमि, तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीते आने वाले हैं यह देश का ऐसा पहला टाइगर रिजर्व होगा जहां बाघ, तेंदुए व चीते एक ही जगह देखे जाएंगे। इसके पहले प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क और गांधीसागर अभयारण्य में चीता शिफ्टिंग प्रोजेक्ट सफल रहा है। 15 साल पहले चीतों की बसाहट के लिए सर्वे हुआ था। उस समय नौरादेही अभयारण्य था। इसकी तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था। टाइगर रिजर्व के अफसर और वाइल्ड लाइफ के जानकारों के अनुसार चीता आने में एक साल का समय लग सकता है। दरअसल, अभी एक और सर्वे बाकी है। वहीं फेंसिंग और गांवों के विस्थापन का काम भी अधूरा है

#### डब्ल्यूआईआई ने चिह्नित किए दो नए स्थान

भारतीय वन्य जीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून की टीम ने चीते की बसाहट के लिए दो नए स्थान चिन्हित किए हैं। उनमें गुजरात के बन्त्री ग्रासलैंड रिजर्व के अलावा दमोह सागर के इस टाइगर रिजर्व को शामिल किया गया है। डब्ल्यूआईआई भारत के चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी भी है माना जा रहा है कि अगले वर्ष तक यहां चीतों की शिफ्टिंग हो जाएगी। अगर ऐसा होता है तो वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्ड लाइफ एरिया होगा जहां बिग केट फैमिली के तीन सदस्य एक साथ दिखेंगे अभी रिजर्व में टाइगर और तेंदुए की बसाहट है। चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएंगी। डब्ल्यूआईआई ने देश में सबसे पहले दमोह सागर के इस टाइगर रिजर्व को चिन्हित किया था। वर्ष 2010 में यहां पहला सर्वे किया गया था। जिसमें रिजर्व की तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के डीआईजी डॉ. वीवी माथुर और डब्ल्यूआईआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के साथ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की तीनों रेंज मुहली, झापन और सिंहपुर का दो दिन तक मैदानी मुआयना किया। जानकारों के अनुसार यह तीनों रेंज चीता की बसाहट के लिए आदर्श स्थान हैं। यहां घास के लंबे व खुले स्थान हैं।

#### टीम आई थी, लेकिन अधिकृत पत्राचार नहीं

दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि हाल ही में चीता की शिफ्टिंग के संबंध में सर्वे टीम आई थी। चीते आने में अभी 1 साल का वक्त लग सकता है। कुछ तैयारियां बाकी हैं। हालांकि अभी अधिकृत तौर पर हमारे पास चीता शिफ्टिंग को लेकर कोई पत्र नहीं आया है।

#### प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट

प्रदेश में प्रोजेक्ट चीता 2022 में शुरू हुआ था। नामीबिया से आठ और दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को कूनो नेशनल पार्क में लाया गया था। कूनो में शावकों को मिलाकर 29 चीते हैं। इनके अलावा दो चीते गांधीसागर भेजे जा चुके हैं। 29 चीतों में 10 विदेशी हैं 19 भारत में जन्मे हैं।

#### एक्सपर्ट से जानिए...चीतों के लिए क्यों मुफीद है

(डॉ बसंत मिश्रा वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट जबलपुर)

**1. घास के खुले मैदान**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र में काफी पहले चीतों के प्राकृतिक वास के प्रमाण मिले हैं। यहां घास के खुले मैदान हैं नौरादेही से गांवों के विस्थापन के साथ मैदान और फैल रहे हैं। यहां चीते लंबी दौड़ के साथ शिकार कर सकते हैं

**2. बड़ा क्षेत्रफलः**

टाइगर रिजर्व का कोर एरिया 1414 वर्ग किमी है। बफर एरिया-925.120 वर्ग किमी का है। 600 वर्ग किमी एरिया में चीतों को रखने के लिए मैदान चिन्हित भी किए जा रहे हैं। यह क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

**3. पर्याप्त आहारः**

4. टाइगर रिजर्व में चीतों को शिकार के लिए चिंकारा, चीतल व काले हिरण की पर्याप्त संख्या है। यही वजह है कि यहां बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है

**4. संघर्ष की आशंका कम**

चीतों की यहां बाघ-बाघिन से टकराव जैसी स्थिति बनने की आशंका नहीं है। बाघ बड़े जानवरों का शिकार करता है, जबकि चीता छोटे शाकाहारी वन्य जीवों से पेट भरता है

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के गोरखा गांव का मामला, चिलोद से आई थी बारात....

# डीजे के बजाने को लेकर बरातियों और घरातियों में हुई मारपीट, दूल्हे पक्ष के आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोहड़ के ग्राम गोरखा में मरावी समाज की शादी समारोह के दौरान डीजे पर गाना बजाने और अन्य बातों को लेकर कहासुनी हो गई और विवाद इतना बढ़ा कि लड़की के पक्ष वालों ने दुल्हे राजा के पक्ष वालों के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें आधा दर्जन लोगों के घायल हुए है। हुआ ये कि चिलोद से आई बारात पक्ष के लोगों ने डीजे बजाना बंद कर दिया इतने में लड़की पक्ष के लोग आए और डीजे बजाने की जिद करने लगे लेकिन लड़की पक्ष वालों की बात नहीं मानी गई जब तब बारातियों ने डीजे बजाने से मना कर दिया तो लड़की पक्ष के लोगों ने बारातियों को दौड़ा दौड़ा कर लाठी डंडे से मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और चार घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

साथ ही अन्य घायलों को मामूली चोटे आने बाले लोगों का स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दरअसल तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोरखा में चिलोद माला बम्हौरी थाना नोहटा से मरावी समाज से बारात गोरखा गांव आई हुई थी जहां शुरुआत में सबकुछ ठीक चल रहा था लेकिन जैसे ही दूल्हा राजा दुल्हन के घर पहुंचे तो डीजे बजाने को लेकर घराती और बाराती भिड़ गए इस विवाद में बरातियों की दुल्हन पक्ष के लोगों ने जमकर मारपीट कर दी गई। इस दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए जो अपनी जान बचाकर खेतों और जंगलों के रास्ते भागे।

सूचना मिलते ही डायल 100 और पुलिस स्टाफ गोरखा गांव के लिए रवाना हुआ लेकिन मोहड़ गांव के समीप कुछ घायल हुए लोग मिले जिन्हें पुलिस इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची और इलाज कराया गया इस विवाद में राहुल सिंह मरावी उम्र 21, अमन सिंह मरावी उम्र 25, ऋषि सिंह मरावी उम्र 23, गोरे सींग मरावी 45 चारों घायल चिलोद थाना नोहटा के निवासी हैं जो बरात में गोरखा गांव आए हुए थे। राहुल मरावी ने बताया कि आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं कुछ लोगों को मामूली चोटे आई है जो सीधे घर चले गए और हम लोग इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए हैं।

# कृषि विभाग अधिकारियों ने मूंग फसलों का निरीक्षण



**पथरिया।** दलहन विकास निर्देशालय भोपाल से आए सीनियर टेक्निकल ऑफिसर सोमेश बाजपेई एवं कृषि विभाग की टीम जिला सलाहकार गिरधर पटेल,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमाशंकर प्रजापति, कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश बिरला द्वारा ग्राम इमलिया घोना के जयदेव पटेल एवं बांसाकलॉ के गणेश पटेल के मूंग की फसल में पीला मौजेक बीमारी का निरीक्षण किया मूंग की फसल में बढ़ते कीटनाशकों के उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता हैं इसके लिए कृषकों को मूंग की खेती को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने एवं कीटनाशकों का सही उपयोग और रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन कर मूंग की खेती करने की सलाह दी। खरीफ ऋतु हेतु खाद भंडारण की स्थिति का जायजा लिया एवं मांग अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो इसके लिए डबल लाक केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया एवं खाद वितरण व्यवस्था को कैसे सुचारू रूप से चलाया जाए इसके निर्देश दिए।

# श्री ध्रुव जी महराज की कथा का किया वर्णन



**नरसिंहगढ।** जिले के ग्राम बड़ागांव कि पावन भूमि में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ की पावन के के चतुर्थ दिवस की कथा में कथा व्यास पंडित श्री वेदांश कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्री ध्रुव जी महराज की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की भक्ति हमें किस प्रकार करनी चाहिए। ध्रुव जी ने पहले 6 दिन में फलाहार करके एक महीने तक तपस्या की दूसरे महीने मे सूखे पत्ते खाकर के तप किया। तीसरे महीने में केवल 12 दिन में एक बार जल ग्रहण करने लगे और चौथे महीने में केवल एक बार ही वायु को ग्रहण करते और पांचवें महीने में स्वांस को भी रोक देते हैं। सभी देवता नारायण की शरण में जाते हैं और प्रभु को स्वयं आकर ध्रुव जी को दर्शन देने के लिए आना पड़ा एवं महाराज जी ने श्री राम कथा को सुनाते हुए बताया की हम सभी को भी श्री राम जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए महराज जी ने बताया की जब कंस का अत्याचार पापाचार जब चरम सीमा को पार कर गया। तब हमारे ठाकुर जी ने अपने भक्तो ऋषि मुनि संतो एवं गौ माता की रक्षा करने के लिए। इस धरा धाम पर अवतार धारण किया एवं भादों के महीने में रोहणी नक्षत्र में रात्रि 12 बजे हमारे गोविंद ने मथुरा में राजा कंश की कारागार में अवतार लिया। वासुदेव जी के द्वारा रात्रि में ही यमुना जी पार करके गोकुल में श्री नंदराय जी के नंद भवन में प्रवेश किया। बृज में धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। भगवन के जन्मोत्सव की कथा को सुनकर सभी भक्त समुदाय भाव विभोर हुआ और बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव को मनाया गया।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी समाज सुधारक, धर्म परायण और प्रजावत्सल शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर 31 में तक 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है भाजपा दीनदयाल नगर मंडल द्वारा संगोष्ठी का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी अद्भुत स्त्री थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में धर्म, शिक्षा, और संस्कृति को बढ़ावा दिया। उन्होंने महिला नेतृत्व की सशक्त मिसाल पेश की। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक गोपाल पटेल ने कहा कि अहिल्याबाई का शासन 'रामराज्य' का आदर्श उदाहरण था। उन्होंने करुणा, न्याय और अनुशासन का संतुलन बनाकर सुशासन की मिसाल कायम की। सह-संयोजक श्रीमती शिखा जैन ने रानी अहिल्याबाई को भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से आज की युवतियों को प्रेरणा लेनी चाहिए कि एक महिला किस तरह समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकती है। सभी उपस्थितजनों ने रानी अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी कार्यक्रम में जिला मंत्री संजय यादव, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद रिजवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, दीनदयाल नगर मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, जुगल अग्रवाल, अमर राजपूत, नगर महामंत्री अरूण सोनी, महेंद्र अहिरवार, अखिलेश सिंह, नर्मदा पटेल, सुनील रोहित, अखिलेश चौबे, स्वप्निल प्यासी, सहित मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

# वन अमला ने चार फडी लकड़ी जप्त की



**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ वन परीक्षित के अंतर्गत आने वाली घुटरिया बीट के अंतर्गत अवैध रूप से जलाऊ लकड़ी काटकर एक भट्टे को पकाया जा रहा था। जिसकी मुख्यबिर के द्वारा वनअमला को सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर तेजगढ़ रेंज की प्रभारी वन परीक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने तत्काल स्टाफ को मौके पर भेजा गया। साथ ही वन अमला ने राजाराम पिता परम प्रजापति के ईट भट्टे पर पर चार फड़ी अवैध रूप से जंगल से लाई गई। लकड़ी मौके पर मिली जिसकी वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जप्ती बनाई गई है। साथ ही जुर्माने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेजर महेंद्र खरे, बीटगार्ड संदीप, बीटगार्ड कपिल उपस्थित थे। प्रभारी वन परीक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ मेघा पटेल ने कहा कि मेरे पास अभी दो रेंजो के चार्ज है तेजगढ़ रेंज घुटरिया बीट अवैध लकड़ी से ईंट भट्ठे संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई थी इसके बाद वन स्टाफ को तत्काल भेजा गया था मौके पर तीन चार फड़ी जलाऊ लकड़ी जप्त कर जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

### ओवरस्पीड वाहनों पर हुई कार्यवाही

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत यातायात पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया बटियागढ़ रोड पर इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों पर कार्यवाही की गई। साथ ही परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया बटियागढ़ नेशनल हाईवे पर ट्रक एवं बस वाहनो आदि से 20 हजार 500 की चालानी कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया यह कार्यवाही लगातार आगे भी जारी रहेगी।

# कुम्हारी विशाल तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन



**कुम्हारी।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता व देश के वीर सैनिकों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के तत्वाधान मेंश्विशाल तिरंगा यात्राश् का आयोजन किया गया।विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन 23.5.2025, दिन शुक्रवार को दोपहर 4:00 बजे सगोनी रोड शिव मंदिर से प्रारंभ हुई विक्रम संवत चौराहा की परिक्रमा करते हुए अंबेडकर तिराहा से होते हुए कुम्हारी नगर के हदय स्थल श्री बांके बिहारी मंदिर जी होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचकर समाप्त हुई,भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह मध्यप्रदेश तिरंगा यात्रा 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कायक्रम प्रभारी लक्ष्मण तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनकी दिशा निर्देश भव्य तिरंगा यात्रा संपन्न हुई, भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के समस्त जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता, एवं समस्त क्षेत्र के देश प्रेमी, सैनिकों के सम्मान में हाथों में तिरंगा लिए लगातार तिरंगा यात्रा में शामिल रहे। तिरंगा यात्रा दौरान कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे, आरक्षक नागेंद्र राजपूत,आरक्षक रमाकांत साहू, मौजूद रहे।

# सेना के सम्मान में लगे देशभक्ति के नारे




**गैसाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली हाई स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ हुई यात्रा नगर के बस स्टैंड से वेयरहाउस तक पहुँची जहां पर यात्रा का समापन किया गया।

यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता बहादुर पटेल, पूर्व सरपंच खिलान सिंह राजपूत, बलेह पंचायत के सरपंच जुगल पटेल, लंबरदार गोपाल पटेल, मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया, पूर्व सरपंच राम बिहारी पटेल, निलेश जैन मुकेश पटेल, जितेंद्र चौरसिया, दिनेश पटेल, नरेंद्र चौघड़िया आदि की उपस्थिति रही। यात्रा का सफल संचालन युवा भाजपा नेता रणधीर दहिया द्वारा किया गया।

# आरक्षक और प्रधान आरक्षक को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तारादेही थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह राजपूत एवं आरक्षक ओंकार पटेरिया के स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को थाना प्रभारी राजीव पुरोहित एवं पुलिस स्टाफ व तारादेही सरपंच सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा इन्हें भावभीनी विदाई दी गई। दरअसल बीते दिन प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह राजपूत का बांदकपुर चौंकी एवं आरक्षक ओंकार पटेरिया का हटा थाना में स्थानांतरण हो गई थी जिसके चलते शुक्रवार को थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें तारादेही ग्रामवासी जनप्रतिनिधि और पत्रकारों ने शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। ग्रामवासियों का कहना है कि तारादेही पुलिस स्टाफ द्वारा सभी त्यौहारों पर्व एवं कार्यक्रमों में अपनी अहम भूमिका निभाई है गरीब लोगों की मदद की है साथ ही अपराधों पर अंकुश लगाया है। क्षेत्र में गिने-चुने विवाद ओर अन्य मामले सामने आते हैं। तारादेही ग्राम सहित आसपास के ग्रामों में पुलिस का हमेशा लोगों को सहयोग मिलता आ रहा है। थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि भूपेंद्र राजपूत और ओंकार पटेरिया द्वारा हमेशा मेरा सहयोग किया है उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मचारी आज विदा ले रहे हैं जिनकी कमी हमेशा महसूस होगी। लेकिन स्थानांतरण एक प्रकिया है दोनों ने मिलकर मेरा बहुत सहयोग किया है जो हमेशा याद रहेगा। विदाई के दौरान नम आंखों से प्रधान आरक्षक भूपेंद्र सिंह राजपूत और आरक्षक ओंकार पटेरिया ने कहा कि यहां पर मुझे एक परिवार की तरह स्टाफ एवं वरिष्ठ अधिकारियों व थाना प्रभारी का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहा है । तारादेही ग्रामवासियों व जनप्रतिनिधि व पत्रकार साथियों का भी भरपूर सहयोग मिला। थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने शाल श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी और आगे भी अच्छे कार्य करने कहा गया।

# बाल विवाह को शून्य घोषित करने एवं प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तेजगढ थाना भेजा प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

महिला एवं बाल विकास परियोजना तेन्दूखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी सिंगौरगढ़ के ग्राम पड़रिया में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह को शून्य घोषित किए जाने एवं बाल विवाह में शामिल सदस्यों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने के लिए शुक्रवार को परियोजना अधिकारी कैलाश राय एवं पर्यवेक्षक श्रीमति प्रेमवती यादव द्वारा थाना प्रभारी तेजगढ़ को करौंदी सिंगौरगढ़ के ग्राम पड़रिया में कारित किए गए। बाल विवाह के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रतिवेदन दिया गया है। बाल विवाह कारित होने की सूचना प्राप्त होते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत वर्मा द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 09, धारा 10 एवं धारा 11 के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके परिपालन में पर्यवेक्षक श्रीमति प्रेमवती यादव एवं आनंद कुर्मी द्वारा शुक्रवार को स्थल पर जाकर निरीक्षण किया, जिसमें बाल विवाह कारित होना पाया गया। पर्यवेक्षकों द्वारा उक्त संबंध में पंचनामा प्रतिवेदन तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई। परियोजना अधिकारी कैलाश राय द्वारा थाना तेजगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर संबंधितों के द्वारा उक्त विधि विरूद्ध विवाह एवं उसमें शामिल लोगों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 09, धारा 10 एवं धारा 11 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधि अनुसार कार्यवाही किए जाने हेतु आवेदन प्रदाय कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। ज्ञात हो कि दिनांक 09.05.2025 को 18 वर्ष से भी आयु कम है, जिसका बाल विवाह सम्पन्न होने की जानकारी संकल्प समाजसेवी संस्था के द्वारा पत्र के माध्यम से दिनांक-17.05.2025 को जिला परियोजना समन्वयक देवेश दुबे को दी गई थी। जिस पर जिला परियोजना समन्वयक द्वारा प्रकरण के संबंध में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यवाही किए जाने के आदेश जारी कर कहां गया था कि बाल विवाह सून्य घोषित करने की कार्यवाही की जाए। जिस कारण ये कार्यवाही की गई है। महिला एवं बाल विकास परियोजना तेंदूखेड़ा के परियोजना अधिकारी कैलाश राय ने बताया कि जिला परियोजना समन्वयक के द्वारा आदेश जारी किए गए थे जिसके लिए टीम बनाकर उनके ग्राम भेजी गई थी। टीम के द्वारा जांच में पाया गया है कि बाल विवाह हुआ है। लेकिन लडका एवं लडकी मौके पर नही मिले। लेकिन उनकी शादी के फोटो ग्राफ प्राप्त हुए है। इसके अलावा जॉच में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल तेजगढ़ के दाखिला खारिज रजिस्टर की छायाप्रति के अनुसार लडके की आयु कम है। जिस कारण प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तेजगढ थाना प्रभारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। तेजगढ थाना प्रभारी अभिषेक पटैल ने कहां है कि महिलावाल विकास की ओर से बाल विवाह के संबध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। व्यान लेने के बाद मामला दर्ज किया जाएगां।

# हटा कृषि मंडी में किसान संगठनों की बैठक संपन्न

### मंडी को सुचारू रूप से चलाने एसडीएम ने दिए निर्देश



**हटा ।** नगर की कृषि उपज मंडी को निरंतर सुचारू रूप से चलाई जाने हेतु शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी,मंडी प्रशासक राकेश मरकाम की अध्यक्षता व एड. हरिश्चंद्र पटेल गुड्डू जिलाध्यक्ष-भाजपा किसान मोर्चा दमोह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई जिसमें एसडीएम ने मंडी को सुचारू रूप से संचालित किए जाने संबंधित मंडी के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि लगातार दो माह से सुचारू रूप से चल रही कृषि उपज मंडी हटा आगे भी ऐसे ही सुचारू रूप से चलती रहे इसकी समीक्षा करते हुए एसडीएम ने आगामी तैयारीयों को लेकर चर्चा की एवं एसडीम द्वारा मंडी परिसर का अवलोकन भी किया गया। बैठक में उपस्थित किसानों से जानकारी ली और आज डाक कराकर मंडी का संचालन किया गया जिसमें भारतीय किसान संघ के संभागीय मंत्री हेमंत पटेल ,किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष सुशील सिलेट, मंडी सचिव ,व्यापारी संघ के अध्यक्ष ,विधायक प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल ,व्यापारियों ,किसान बंधुओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य केंद्र के आउटसोर्स कर्मचारियों को 5 महीने से वेतन नहीं मिला

**पथरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में सेटमैप कंपनी द्वारा आउटसोर्स से रखें सफाई व अन्य कर्मचारियों को रखा गया है जिनको नवंबर दिसंबर से वेतन नही मिला है जिससे उनको आर्थिक तंगी की स्थिति बनी हुई है। विगत दिनों जिला कलेक्टर द्वारा भी एक सप्ताह के अदवही सीएमएचओ कार्यालय द्वारा बताया गया कि हमारे यहां से कंपनी को पैसा भेज दिया है वहां से कर्मचारियों को पैसा मिलता है।

### नाबालिग को किया दस्तयाब

**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा 14 साल की गुम नाबालिक बालिका को 48 घण्टे के अंदर दस्तयाब कर परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार दि. 21.05.25 को 14 साल की नाबालिक बालिका के गुमने रिपोर्ट लेख हुई थी जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन एवं श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली स्टाफ को द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये नाबालिग बालिका की सायबर की मदद से एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर लगातार तलाश कर 48 घंटो के अंदर दस्तयाब किया। सराहनीय कार्य करने वाले मे निरी. मनीष कुमार, सउनि. संतोष तिवारी, सउनि. उषा साहू, सायबर सेल टीम, म.आर. 151 बिमला का सहयोग रहा।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने दिये अहम दिशा निर्देश

# फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाये -कलेक्टर

### नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों का समय सीमा में निराकण किया जाये डिजीटल क्रॉप सर्वे में सत्यापन का कार्य 15 जून के पूर्व सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाये उसे 90 प्रतिशत से उपर लायें। नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों का (विवादित एवं अविवादित) समय सीमा में निराकण किया जाये। वनाधिकार पटटों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची पृथक से तैयार की जाये, तहसील तेंदूखेड़ा का फार्मर रजिस्ट्री प्रतिशत कम होने से उसे 90 प्रतिशत से अधिक करने तथा तहसीलदार पटेरा को विशेष अभियान चलाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, समस्त एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने आर.सी.एम.एस. में दर्ज प्रकरणों के निराकरण हेतु समस्त कम्प्यूटर आपरेटरों को प्रशिक्षण दिये जाने के निदेश दिये। बैठक में सभी तहसीलदारों को कार्य में प्रगति लाये जाने तथा माह मई 2025 के अंत तक कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा पोर्टल पर समस्त जानकारी दर्ज की जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह में स्थित अभिलेखागार में रखे समस्त अभिलेखों को कम्प्यूटीकृत करने तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाने के निर्देश दिए। डिजीटल क्रॉप सर्वे में सत्यापन का कार्य 15 जून के पूर्व सुनिश्चित किया जाये। सर्व का कार्य पटवारियों तथा सर्वेयरों के माध्यम से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

उन्होने कहा जिन ग्रामों की जी.टी., प्रथम प्रकाशन, द्वितीय प्रकाशन एवं आर.ओ.आर शेष रह गया है उसको इसी माह में पूर्ण कराये एवं जो भी तकनीकी समस्या हो उसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा जाये। सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) इस कार्य को प्राथमिकता से करायें एवं प्रतिदिन समीक्षा कर अवगत करायें।

उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया अमृत सरोवर के तहत दर्ज समस्त जल संरचनाओं को दो-तीन दिन के भीतर अभिलेख में दर्ज की जाये एवं विभागों से प्राप्त संरचनाओं को अभिलेख में शीघ्र दर्ज किया जाये। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) इस कार्य को प्राथमिकता से करायें एवं प्रतिदिन समीक्षा करें। टी.एल.बैठक में इसकी समीक्षा की जायेगी।

उन्होंने कहा हितग्राहियों को भुगतान होने के बाद भूमि पर अतिक्रमण नही होना चाहिये। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तेंदूखेडा को निर्देश दिये कि जिन हितग्राहियों का भुगतान नही हुआ है उनकी शीघ्र सुनवाई कर निराकरण किया जाये एवं अर्जित की गई भूमि को अभिलेख में दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सीमांकन के प्रकरण के निराकरण की स्थिति निम्न स्तर पर पाई गई। मई माह के अंत तक सभी लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा अधीनस्थ समस्त न्यायालयों का रोस्टर अनुसार निरीक्षण सुनिश्चित करें एवं यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में होने वाली मासिक राजस्व अधिकारियों की बैठक के पूर्व समस्त अनुविभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक अनिवार्य रूप से कर लें।

कलेक्टर श्री कोचर ने सी.एम. हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण का अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग में समीक्षा करें एवं शिकायतों का निराकरण दर्ज करायें। अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) एवं तहसीलदार भी अपने कार्यालयों में स्टाफ की कमी होने पर पूर्ति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करें।

## पिता पुत्र को न्यायालय ने सुनाई सात वर्ष के कारावास की सजा

### विगत दो वर्ष पूर्व गैसाबाद थाना के मुहरई गांव में हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहरई गांव में विगत दो वर्ष पूर्व शराब खोरी के चलते तीन लोगों ने एक युवक व उसकी दादी पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला किया था जिसकी रिपोर्ट गैसाबाद थाना में दर्ज कराई गई थी जिसमें पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया था जहां हटा न्यायालय में माननीय सिराज अली प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महोदय हटा द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 32/23 राज्य विरुद्ध किस्सु उर्फ केशवराम वर्मन एवं उनके पुत्र गजेंद्र बर्मन के विरुद्ध निर्णय पारित किया गया।

शासन की ओर से पेरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा प्रकरण में घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि फरियादी राजेश कुर्मी द्वारा गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहरई ग्राम में विगत 2 वर्ष पूर्व माह दिसंबर में रिपोर्ट लेख करायी गयी कि जब वह अपने घर मे चक्की चला रहा था तभी अभियुक्तगण केशव राम बर्मन गजेंद्र बर्मन एवं उनके साथी खिलन सिंह शराब के नशे में आए और उसे माँ बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे, हल्ला गुल्ला की आवाज सुनकर उसकी दादी गुलाब रानी बाहर आयी तो अभियुक्त केशव राम वर्मन ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी गुलाब रानी की गर्दन पर जान से मारने की नियत से मारी जिससे उसे कटकर खून निकल आया, तभी अभियुक्त गजेंद्र वर्मन ने अपने हाथ में ली हुई स्टे राड़ फरियादी राजेश कुर्मी को मारी जो उसे दाहिने हाथ के कोचा और पैर में लगी इतने में फरियादी राजेश कुर्मी का पिता मोटर साइकिल से आया तो अभियुक्त केशवराम ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी उसे मारी जो उसकी मोटर साइकिल की टंकी में लगी।

माननीय न्यायाधीश द्वारा निर्णय पारित करते हुए उक्त दोनों अभियुक्तगण किस्सू उर्फ केशवराम बर्मन एवं उसके पुत्र गजेंद्र बर्मन को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 में 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रुपये का अर्थदण्ड धारा 324 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 200 रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया वहीं एक अन्य भूपेंद्र सिंह राजपूत को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय द्वारा वरी किया गया।

## विधवा पुनः विवाह प्रथा को विधि मान्य घोषित कर सम्पन्न कराया

**दमोह।** अखिल भारतीय लोधी, लोधा, राजपूत महासभा की बैठक का आयोजन दोपहर 1 बजे मड़कोले शिव मंदिर पथरिया में जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्व प्रथम वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात बैठक में उपस्थित सभी ने अपना अपना परिचय दिया तथा सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई साथ ही बैठक में सर्व सम्मति से निम्न प्रस्ताव पास किए गए जिनमें लोधी समाज में पूर्न विवाह पर विस्तार से चर्चा हुई एवं समाज में किसी प्रकार की घटना घट जाने से विधवा महिलाओं के विवाह करवाने पर निर्णय लिया गया। जिसमें सिद्ध क्षेत्र मंडकोलेश्वर महादेव मंदिर से कलु सिंह लोधी पिता निरपत सिंह लोधी ग्राम छापरी ठाकुर दमोह का विवाह गीता बाई पिता



गोपाल सिंह लोधी ग्राम कजरा तहसील पटेरा का पुनः विवाह सर्वसम्मति से समिति के संरक्षण में वैदिक विधि विधान एवं हिन्दू रिवाज एवं हिन्दू परंपराओं से विवाह सम्पन्न कराया गया जिसे समाज की समिति जिला दमोह की ओर से विधि मान्य घोषित किया गया जिसमें साक्षी संगठन संरक्षक दादा तिलक सिंह एवं नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर तथा परिवार एवं रिश्तेदारों की उपस्थिति में पुनर विवाह सम्पन्न किया गया जो कि एक अनुकरणीय पहल है। कार्यकर्म उपस्थित प्रेम सिंह लोधी जिला अध्यक्ष संरक्षक दादा तिलक सिंह नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर तीन गुल्ली आचार्य पूरन सिंह, प्रथम सिंह, हिम्मत सिंह जिला उपाध्यक्ष नंद कुमार सिंह जिला महामंत्री पूरन सिंह जिला प्रवक्ता जगन्नाथ सिंह प्रचार प्रसार मंत्री युवा जिला अध्यक्ष सुल्तान सिंह लोधी नारायण सिंह शिक्षक दरयाव सिंह जिला महामंत्री गिरवर सिंह हाकम सिंह छापरी ओमप्रकाश सिंह इंद्र सिंह भाटिया भवन सिंह कजरा कमल सिंह नेपाल सिंह गोपाल सिंह हिंडोरिया फूल बाई पान बाई शांति बाई पुना बाई भाटिया आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## तालाब भूमि पर से अवैध कब्जा हटाया



**हिनौताकलां।** ग्राम हिनाती कली में स्थित कई हेक्टेयर भूमि में स्थित पिपरिया जलाशय जिसमे लगभग 45 गांव के पशुधन गोवंश अपनी प्यास बुझाते है। गर्मी के मौसम में पिपरिया जलाशय मे पानी को पीने के लिये उपलब्ध रहता है लेकिन अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा तालाब की भूमि पर मूंग की फसल की मवेशियो से सुरक्षा हेतु झटका तार एवं तार फेंसिग करके बेडा लगा दिया गया है। जिससे तालाब का पानी पीने आने वाले मवेशियों एवं गौ वंश को परेशानी हो रही है। अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा तालाब के जल का लगातार दोहन किया जा रहा है। इस समस्या की शिकायत करने पर नायब तहसीलदार महोदय हिनोता मंडल के आदेशानुसार गठित टीम एवं थाना प्रभारी गैसाबाद की टीम द्वारा तालाब की खाली भूमि में लगे झटका तार फेसिंग को हटाया गया एवं जब्ती की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर गैसाबाद पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी प्रीति पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा।

## भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकली



**पटेरा।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में पटेरा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा बस स्टैंड संकट मोचन मंदिर के सामने से पुराना बाजार, विकासखंड तिराहा, होते हुए पड़री तिराहा, हटा तिराहा से वापिस बस स्टैंड पहुंची जहां उसका समापन किया गया। डीजे की धुन पर देश प्रेमी गीतों पर देश प्रेम की भावना जाग्रत हो रही थी। यात्रा की अगुवाई पूर्व मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने की। मंडल महामंत्री बलराम पटेल ने बताया कि लोगों ने देश प्रेम के प्रति जागृत करना तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य है जिससे इसमें सभी शामिल हैं। यात्रा में मंडल अध्यक्ष, मनीष सोनी प्रभारी, जियोस सदस्य पुष्पेंद्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, परिषद अध्यक्ष कमल रानी/ दुलीचंद अहिरवाल, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पं. दीपक उपाध्याय, शंकर तंतुवाय, मुन्ना अवधिया, मधु दुबे, दिलीप पटेल, काशीराम साहू, अभिषेक सोनी, नयन खरे, वहीद खान, उत्तम सिंह, गोविंद सेन, नीतेश बडकुल, कन्नू बंसल सहित शिक्षक वर्ग भी शामिल रहे।

## कोंरता में अवैध शराब विक्रय बंद कराने सौंपा ज्ञापन

### ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर गांव में पूर्ण शराबबंदी करने ग्राम वासियों ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोंरता में शुक्रवार को जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, सरपंच सुरेंद्र सींग, उपसरपंच दिनेश राय, सचिव सोमवती गौड़, सहायक सचिव संजय राय एवं अनेकों ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम कोंरता में अवैध रूप से शराब विक्रय की जा रही है जिससे गांव में आए दिन लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं और गांव का माहौल खराब हो रहा है। जिसको लेकर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि ग्राम कोंरता में पूर्ण रूप से शराबबंदी की जाए। उसके पश्चात ग्राम कोंरता के सैकड़ो की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने जबेरा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी



विकास सिंह चौहान को ग्राम में अवैध रूप से बेची जा रही शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोंरता में अवैध रूप से शराब विक्रय की जा रही है जिससे ग्राम में आए दिन लड़ाई झगड़े हो रहे हैं और गांव का माहौल खराब हो रहा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि ग्राम कोंरता, पिपरिया एवं पटी आदि ग्रामों में 12 लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है जिसे शीघ्र बंद कराया जाए। जिससे ग्राम में सुख शांति बनी रहे और ग्राम के बच्चें अच्छे माहौल में पढ़ाई लिखाई कर सकें एवं महिलाएं बिना भय के आ जा सके। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कहा कि आज ग्राम कोंरता के सरपंच, उप सरपंच, सचिव एवं अनेकों महिला पुरुषों के साथ ग्राम में अवैध रूप से हो रही शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर जबेरा थाना में नामजद ज्ञापन दिया गया है और अवैध शराब बेचने वालों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई है। अगर ग्राम में शीघ्र ही अवैध शराब विक्रय बंद नहीं हुआ तो सभी ग्रामवासी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वही उपसरपंच दिनेश राय ने बताया कि ग्राम पंचायत कोंरता में पूर्ण शराबबंदी का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है और जिन लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है उन लोगों के ऊपर कार्यवाही की मांग को लेकर आज जबेरा थाना में ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की उपस्थिति रही।

## बस की चपेट में आई महिला की मौत



**दमोह।** कुम्हारी थाना अंतर्गत बस की चपेट में आने महिला की मौत की दुखद घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन पटेरा से कुम्हारी जाने वाली बस कुम्हारी की तरफ आ रही थी तभी हिनौती बस स्टैंड पर बस चालक की लापरवाही से कुम्हारी निवासी श्रीमती गुलाबरानी चक्रवर्ती 55 वर्ष जोकि मटके बेचने के लिए हिनौती गई हुई थी आने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। हिनौती बस स्टैंड पर, बस ड्राइवर की लापरवाही से बस की चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। बस ड्राइवर एवं कंडक्टर घटनास्थल से भाग गए। बस में काफी संख्या में सवारी भी थी। कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। साथ में एएसआई गोविंद सिंह,प्रधान आरक्षक सुरेंद्र,आरक्षक राजेश लोधी,आरक्षक बलवंत लोधी,आरक्षक राम बहादुर यादव,आरक्षक रमाकांत साहू,मर्म कायम करते हुए पंचनामा कर,शव पीएम के लिए पटेरा भेजा गया कुम्हारी पुलिस जांच में जुटी।

# अटैच 14 शिक्षकों को अपने मूल पद पर भेज दिया, अब नहीं गए तो कटेगा वेतन

### अटैच शिक्षकों में हड़कंप, अब स्कूलों में जाकर पढ़ाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा अप्रैल माह में की गई विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा विभाग में अटैच सभी शिक्षकों को अपने मूल स्कूलों में भेजे जाने के आदेश दिये गए थे। विभाग के इस आदेश से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ था। अब शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए अन्य विभागों में अटैच शिक्षकों के अटैचमेंट निरस्त करते हुए अपने मूल पदों पर भेज दिया है। अटैच शिक्षक अपने मूल संस्था में उपस्थिति दर्ज नहीं कराएंगे तो उनका इस माह का वेतन नहीं बनेगा। उल्लेखनीय हैं कि बीते माह 18 अप्रैल को शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के द्वारा विभागीय बैठक लेकर उन्होंने विभाग से कहा था कि जितने भी शिक्षक विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्हें मूल पद पर पहुंचाया जाये। अधिकारियों से कहा कि था कि शिक्षक का असली कार्यक्षेत्र बच्चों की कक्षा होनी चाहिए, न कि सरकारी दफ्तरों की फाइलों के ढेर। मंत्री के आदेश के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी तक यह संदेश पहुंचाया और पूरे प्रदेश में पदस्थ शिक्षकों के अटैचमेंट आदेश को रद्द कर दिया।

#### इन विभागों में दे रहे थे सेवाएं

हटा विकासखंड में शिक्षा विभाग में कई ऐसे शिक्षक पदस्थ हैं, जो अपने राजनीतिक रसूख का फायदा उठाकर मूल स्कूल में सेवाएं नहीं देते हुए जनपद शिक्षा केंद्र, तहसील व विधायक कार्यालय में अपनी सेवाएं देते चले आ रहे हैं। इन शिक्षकों के द्वारा वर्षों से स्कूलों का मुंह तक नही देखा। कुछ राजनीतिक शिक्षक तो ऐसे हैं जो स्कूल जाना पसंद नहीं करते हैं। स्थिति यह हैं कि इन्हें अधिकारियों का सरंक्षण भी मिला हुआ हैं। हालांकि विभाग के द्वारा आदेश तो जारी कर दिया हैं, लेकिन वर्षों से जमे शिक्षक मूल पद तक पुनः पहुंच पायेंगे इसे लेकर अभी संदेह है।

हटा के प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल बिदौलया ने जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा के निर्देश के बाद क्षेत्र के 14 शिक्षकों का अटैचमेंट निरस्त करते हुए उन्हें अपने मूल पद पर भेजा गया है। इनमें हटा जनपद शिक्षा केंद्र में लंबे समय से अपनी सेवाएं देते चले आ रहे 2 बीएसी, 5 जन शिक्षकों को अपने मूल पद पर सेवाएं देने के आदेश जारी किये हैं। आदेश के बाद अब जनपद शिक्षा केंद्र में 7 पद खाली हो जाएंगे। जिन पर आगामी समय में नई नियुक्तियां की जाएगी। बता दें कि पूर्व में तात्कालिक जिला पंचायत सीईओ के आदेश के बाद जनपद शिक्षा केंद्र में बीएसी, बीजीसी व जनशिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। लेकिन मंत्री के आदेश के बाद यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। इसके अलावा अन्य सात शिक्षक जो अपनी मूल पदस्थापना पर कार्य न कर अन्य मलाईदार कार्यालयों में कार्य कर रहे थे जिसमें विधायक व अन्य शासन के पदाधिकारियों के यहां सचिव के रूप में सेवाएं देने वाले भी शामिल हैं जिन्हें अपनी मूल संस्था में भेजा गया।

## डेढ़ महीने से एंबुलेंस वाहन खराब, मरीज हो रहे परेशान

**पथरिया।** शासन द्वारा संजीवनी 108 एंबुलेंस वाहन सेवा संचालित है जिससे कि घायलों व एक्सीडेंट दुर्घटना व गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया से जिला अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए पहुंचाया जा सकें लेकिन विगत डेढ़ महीने से 108 एंबुलेंस सेवा खराब पड़ी हुई है जिससे गंभीर व एक्सीडेंट के मरीजों को गढ़ाकोटा या शाहपुर की एंबुलेंस अगर खाली रही तो मिल जाती है नही तो प्राईवेट वाहन से जाना पड़ता है। हालांकि स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति से एंबुलेंस भी संचालित है। लेकिन उसके लिए दमोह के लिए 1000 व सागर के लिए 1500 रूपए निर्धारित है जिससे अधिकांश लोग अपने निजी वाहनों से चलें जातें हैं पर जो आर्थिक स्थिति से कमजोर है। उनके लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला कलेक्टर से मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया की एंबुलेंस 108 की जो खराब हो गई उसकी व्यवस्था कराई जाए ताकि मरीजों को समय पर जिला अस्पताल में पहुंचकर इलाज मिल सकें। वही इस संबंध में सीबीएमओं डॉ जतिन दुबे का कहना है कि मेरे द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी व एंबुलेंस वाहन सेवा प्रभारी व मैनेजर को कई बार बताया गया लेकिन 2-4 दिन की बोलकर अभी तक एंबुलेंस सुधार कार्य होकर नही आ पाई।

## निर्माणाधीन पठा लघु जलाशय के कार्य प्रगति की समीक्षा



**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र की देवरी विधानसभा अंतर्गत रू 777.88 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पठा लघु जलाशय (केसली) सिचाई परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और गति के साथ पूरा किया जाए। इस परियोजना से लगभग 240 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर विधायक आदरणीय पं. ब्रजबिहारी पटेरिया जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल ढिमोले, मंडल अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

**नाम/सरनेम सुधार सूचना**

मैं रमाशंकर शर्मा पिता स्व. श्री दुर्गाचरण शर्मा आयु 55 वर्ष निवासी राजीव कॉलोनी सिविल वार्ड नं. 05 तह. दमोह व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे दस्तावेजों आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक और पासपोर्ट में मेरा नाम रमाशंकर शर्मा है जबकि मेरे पिताजी का नाम पासपोर्ट में दुर्गाचरण रावत नाम दर्ज है। साथ ही मेरी पत्नी का नाम सुनीता रावत दर्ज है जबकि इनका वास्तविक नाम सुनीता शर्मा है। साथ ही माता जी का नाम लक्ष्मी रावत दर्ज है जबकि इनका वास्तवित नाम लक्ष्मीरानी शर्मा है। अतः उक्त व्यक्तियों का सरनेम रावत की जगह शर्मा किया जाये एवं सभी को उनके सही नाम से से जाना पहचाना एवं पढ़ा-लिखा जावे। इस हेतु यह सूचना एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

स्थान-दमोह
दिनांक- 22/05/2025

भवदीय
रमाशंकर शर्मा